MALAPPURAM

SSLC PRE MODEL EVALUATION JANUARY 2023

HINDI

Time : 45 Minutes   Total Score : 20

सूचना : ' बीरबहूटी ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

> बेला का मन खराब हो गया, माटसाब चाहे मुझे पीट लेते मगर साहिल के सामने नहीं। वह साहिल के सामने खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी, क्योंकि वह जानती थी कि वह साहिल की नज़र में बहुत अच्छी है ।

1. सही विकल्प चुनकर लिखे । 1

   (क) मैं + के = मुझे (ख) मैं + को = मुझे

   (ग) मैं + से = मुझे (घ) तुम + को = मुझे

2. बेला क्यों साहिल से नज़र नहीं मिला पाई ? 2

3. बेला उदास होकर घर पहूँची ,माँ ने पूछा "क्या हूआ बेटी ?" बेला और माँ के बीच का **वार्तालाप** तैयार करें । 4

सूचना : 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' पाठ का यह अंश पढ़ें और 4 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

> हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था ।
> व्यक्ति को मैं नहीं जानता था,
> हताशा को जानता था
> इसलिए मैं व्यक्ति के पास गया ।

4. **विशेषण** शब्द चुनकर लिखें ।

   हताश व्यक्ति 1

5. जून 14 रक्तदान दिवस के अवसर पर 'रक्तदान की महिमा' का संदेश देते हुए एक **पोस्टर** तैयार करें । 4

103-B

सूचना : ' टूटा पहिया ' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 6 से 7 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

> ' तब मैं
> रथ का टूटा हुआ पहिया
> उसके हाथों में
> ब्रहमास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ ।'

6. '**लोहा लेना**' का मतलब है - 1

   (लोहा बनाना , सामना करना , अकेला होना)

7. कोष्ठक के शब्दों से **पिरमिड़** की पूर्ति करें । 2

   (ब्रह्मास्त्रों से, टूटा)



सूचना : 'आई एम कलाम' के बहाने फिल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और 8 से 10 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

> मोरपाल मुझे जब भी दिखा हमेशा वही स्कूल की यूनिफ़ॉर्म पहने ही दिखा । एक बार तो मुझे याद है कि मोहल्ले की किसी शादी में भी उसे वही नीली खाकी स्कूल यूनिफ़ॉर्म पहने देख मैं हैरान रह गया था ।

8. शादी में भी मोरपाल नीली खाकी स्कूल यूनिफ़ॉर्म पहनता था क्यों ? 1

9. 'हैरान रह जाना ' इसका मतलब है - 1

   (आश्चर्य चकित होना , हार जाना , उदास होना)

10. मोरपाल की तीन चरित्रगत विशेषताएं चुनकर लिखें । 3

   - छाछ बड़ी कमज़ोरी थी
   - बिना नागा रोज़ स्कूल आता था
   - गरीब परिवार का था
   - स्कूल जाने में रोया करता था
   - खेत मजूरी करता था